वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर उत्तर प्रदेश



समाचार पत्रों में प्रकाशित ख़बरें

दिनांक: 2 अक्टूबर 2026

प्रस्तुति: मीडिया सेल

अमर उजाला

अमर उजाला SELECT

पूविवि : भाषण प्रतियोगिता में अभिनव कीर्ति पांडेय अव्वल

राधा गिरी को मिला दूसरा स्थान, मनीष तीसरे स्थान पर रहे

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत विश्वविद्यालय स्तरीय मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर के अभिनव कीर्ति पांडेय ने प्रथम स्थान हासिल किया।

पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय बलूची केराकत की राधा गिरी ने द्वितीय और डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय मुफ्तीगंज के मनीष को तृतीय स्थान मिला। प्रतिभागियों ने देश के विकास में युवाओं की भूमिका, नए भारत की कल्पना और राष्ट्र निर्माण में युवाओं के योगदान जैसे विषयों को प्रमुखता से रखा।

कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना के डॉ. शशिकांत यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद यादव ने कहा कि युवाओं की सोच, संकल्प और सकारात्मक दृष्टिकोण देश के विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. अनुराग यादव, डॉ. अनुराग मिश्रा, डॉ. उदयभान यादव, डॉ. सूर्योदय भट्टाचार्य और डॉ. शैलेंद्र चौधरी ने किया। निर्णायकों ने विषय-वस्तु, प्रस्तुतीकरण, भाषा, अभिव्यक्ति और विचारों की स्पष्टता के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया।

संचालन सत्यम त्रिपाठी ने किया। जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में गाजीपुर जिले के समता पीजी कॉलेज की जागृति बरनवाल प्रथम, शुभांगी चौबे द्वितीय और वासुदेव यादव तृतीय रहे। नोडल अधिकारी व प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र द्विवेदी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पीयूष वर्मा, समता पीजी कॉलेज के प्राचार्य सहित विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक और प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान डॉ. अंकित राय, डॉ. राहुल राय, डॉ. विपुल यादव, डॉ. सोहन यादव, डॉ. अनामिका शुक्ला, डॉ. सोमरू राम, डॉ. श्वेता पांडेय, डॉ. अजय उपस्थित रहे।

अमर उजाला

amarujala.com 02
वाराणसी । शुक्रवार, 2 अक्तूबर 2026

पूर्वांचल में खेत और प्रयोगशाला से जुड़ेगी कृषि शिक्षा, बढ़ेगा कौशल

महर्षि पराशर कृषि विज्ञान संस्थान पहुंचे निदेशक

मल्हनी। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महर्षि पराशर कृषि विज्ञान संस्थान में कृषि शिक्षा को प्रयोगात्मक और रोजगारपरक बनाने के लिए खाका तैयार हो रहा है। विद्यार्थियों को कक्षा के साथ खेत और प्रयोगशाला में व्यावहारिक प्रशिक्षण देने से उनके कौशल को बेहतर बनाया जाएगा।

बृहस्पतिवार को नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के कीट विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं निदेशक शोध प्रो. उमेश चंद्रा ने संस्थान का भ्रमण कर शैक्षणिक, शोध, प्रशिक्षण और कृषि गतिविधियों का जायजा लिया। शिक्षकों के साथ संवाद के दौरान उन्होंने प्रयोगात्मक कार्यों, योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कृषि शिक्षा को केवल कक्षा तक सीमित रखने के बजाय खेत, प्रयोगशाला और बाजार की वास्तविक जरूरतों से जोड़ना समय की मांग है।

प्रो. चंद्रा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कृषि शिक्षा, कीट प्रबंधन, उत्पादन तकनीक और व्यावहारिक कृषि से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को नई तकनीकों को समझने के साथ प्रयोग और नवाचार के लिए प्रेरित किया। दो दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया। प्रशिक्षणार्थियों से बातचीत कर मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया, प्रशिक्षण की उपयोगिता की जानकारी ली।

निदेशक शोध ने संस्थान की गतिविधियों की सराहना करते हुए कृषि शिक्षा, शोध और व्यावहारिक प्रशिक्षण के बीच बेहतर समन्वय बनाने पर जोर दिया। संस्थान के समन्वयक प्रो. गिरधर मिश्र ने प्रो. उमेश चंद्रा का शिक्षकों से परिचय कराया। कीट विज्ञान विभाग के डॉ. सत्यम प्रजापति, उद्यान विज्ञान विभाग के डॉ. विपिन, सस्य विज्ञान विभाग के डॉ. हरिवंश सिंह, कृषि प्रसार विभाग के डॉ. प्रदीप कुमार यादव और पादप विज्ञान विभाग के डॉ. शुभम सिंह ने विभागों की शैक्षणिक, प्रयोगात्मक एवं शोध गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया।

अमर उजाला

पूर्वांचल में खेत और प्रयोगशाला से जुड़ेगी कृषि शिक्षा, बढ़ेगा विद्यार्थियों का कौशल

मल्हनी। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महर्षि पराशर कृषि विज्ञान संस्थान में कृषि शिक्षा को प्रयोगात्मक और रोजगारपरक बनाने के लिए खाका तैयार हो रहा है।

विद्यार्थियों को कक्षा के साथ खेत और प्रयोगशाला में व्यावहारिक प्रशिक्षण देने से उनके कौशल को बेहतर बनाया जाएगा। बृहस्पतिवार को नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के कीट विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं निदेशक शोध प्रो. उमेश चंद्रा ने संस्थान का भ्रमण कर शैक्षणिक, शोध, प्रशिक्षण और कृषि गतिविधियों का जायजा लिया। शिक्षकों के साथ संवाद के दौरान उन्होंने प्रयोगात्मक कार्यों, योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कृषि शिक्षा को केवल कक्षा तक सीमित रखने के बजाय खेत, प्रयोगशाला और बाजार की वास्तविक जरूरतों से जोड़ना समय की मांग है।

प्रो. चंद्रा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कृषि शिक्षा, कीट प्रबंधन, उत्पादन तकनीक और व्यावहारिक कृषि से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को नई तकनीकों को समझने के साथ प्रयोग और नवाचार के लिए प्रेरित किया। दो दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया। प्रशिक्षणार्थियों से बातचीत कर मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया, प्रशिक्षण की उपयोगिता की जानकारी ली। निदेशक शोध ने संस्थान की गतिविधियों की सराहना करते हुए कृषि शिक्षा, शोध और व्यावहारिक प्रशिक्षण के बीच बेहतर समन्वय बनाने पर जोर दिया।

संस्थान के समन्वयक प्रो. गिरधर मिश्र ने प्रो. उमेश चंद्रा का शिक्षकों से परिचय कराया। कीट विज्ञान विभाग के डॉ. सत्यम प्रजापति, उद्यान विज्ञान विभाग के डॉ. विपिन, सस्य विज्ञान विभाग के डॉ. हरिवंश सिंह, कृषि प्रसार विभाग के डॉ. प्रदीप कुमार यादव और पादप विज्ञान विभाग के डॉ. शुभम सिंह ने विभागों की शैक्षणिक, प्रयोगात्मक एवं शोध गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया। संवाद

हिंदुस्तान

व्यावहारिक प्रशिक्षण से बढ़ेगा कौशलः प्रो. उमेश

जौनपुर, संवाददाता। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महर्षि पराशर कृषि विज्ञान संस्थान में नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के कीट विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं निदेशक शोध प्रो. उमेश चंद्रा का गुरुवार को आगमन हुआ।

संस्थान के भ्रमण के दौरान प्रो. उमेश चंद्रा ने शिक्षकों के साथ संवाद करते हुए यहां संचालित शैक्षणिक, शोध, प्रशिक्षण एवं कृषि संबंधी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विभिन्न योजनाओं, प्रयोगात्मक कार्यों

■ नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के प्रोफेसर ने रखे विचार

तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि कृषि शिक्षा को केवल कक्षा तक सीमित न रखकर उसे प्रयोगशाला, खेत और बाजार की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ना समय की मांग है। विद्यार्थियों को आधुनिक कृषि तकनीकों के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने से उनमें रोजगार एवं उद्यमिता की संभावनाएं बढ़ेंगी।

हिंदुस्तान

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में मनाया गया सेवा संकल्प दिवस, 53 विद्यार्थियों ने लिया भाग

भाषण प्रतियोगिता में अभिनव रहे अव्वल

सफलता



पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गुरुवार को आयोजित प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देखकर सम्मानित किया गया।

जौनपुर, संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को पूर्वांचल विश्वविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेरे सपनों का भारत विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में कुल 53 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसमें विश्वविद्यालय परिसर के छात्र अभिनव कीर्ति पांडेय ने पहला स्थान हासिल किया।

कार्यक्रम के समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. शशिकांत यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने संबोधित किया। बताया कि विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय परिसर के छात्र अभिनव कीर्ति पांडेय ने प्रथम स्थान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय बलूची, केराकत की राधा गिरी ने द्वितीय तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुफ्तीगंज के मनीष ने तृतीय स्थान हासिल किया। गाजीपुर जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में समता पी.जी. कॉलेज की जागृति बरनवाल ने प्रथम स्थान, समता पी.जी. कॉलेज की शुभांगी चौबे ने द्वितीय स्थान तथा वासुदेव यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संचालन सत्यम त्रिपाठी ने किया।

सेवा सेतु शिविर में 316 लोगों को मिला लाभ: रामनगर में सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु अभियान में गुरुवार को विकास खंड रामनगर में पांच दिवसीय वृहद जनकल्याणकारी शिविर का शुभारंभ हुआ। खंड विकास अधिकारी वर्षा बंग ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही सेवाओं का लाभ दिया। इसमें 316 लोगों ने प्रतिभाग किया। स्वास्थ्य विभाग के शिविर में 74 लोगों की जांच कर चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ने अन्नप्राशन व गोदभराई कार्यक्रम आयोजित किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान एडीओ पंचायत त्रिभुवन सिंह यादव, एपीओ रंजीत उपाध्याय, सीडीपीओ इंदु सहित अन्य मौजूद थे।

डोभी में हुआ आयोजन

डोभी। सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को डोभी ब्लॉक विकासखंड केंद्र परिसर में खंड विकास अधिकारी अरविंद कुमार यादव की देखरेख पांच दिवसीय सेवा सेतु अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों और अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भाग लिया। इस दौरान लोगों ने अपने-अपने हुनर और कौशल का प्रदर्शन किया। अभियान के माध्यम से स्थानीय स्तर पर प्रतिभाओं को मंच देने के साथ लोगों को विभिन्न सेवाओं और योजनाओं की जानकारी भी दी गई। बीडीओ अरविंद यादव आदि रहे थे।

दी गई योजनाओं की जानकारी

मुफ्तीगंज, हिन्दुस्तान संवाद। पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए मुफ्तीगंज ब्लॉक परिसर में गुरुवार से पांच दिवसीय सेवा संकल्प शिविर शुरू हुआ। विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी और सुविधाएं देने की व्यवस्था की गई। शिविर में स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, खाद्य एवं रसद, समाज कल्याण, दिव्यांगजन, आंगनबाड़ी और स्वयं सहायता समूह समेत विभिन्न विभागों के काउंटर लगाए गए थे। खाद्य एवं रसद विभाग के स्टॉल पर सप्लाई इंस्पेक्टर गायत्री प्रजापति ने बताया कि राशन कार्ड से संबंधित आधा दर्जन से अधिक आवेदन मिले। इनमें नए राशन कार्ड बनवाने और परिवार के सदस्यों के नाम जोड़ने के आवेदन शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग के डॉ. कमलेश पटेल ने बताया कि शिविर में 54 लोगों की ओपीडी हुई। 15 लोगों की रक्त जांच की गई।

आज

भाषण प्रतियोगिता में अभिनव कीर्ति पांडेय प्रथम

मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

सरायख्वाजा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कुलपति प्रो. आर. के. सिंह के दिशा-निर्देशन में गुरूवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालयमें विश्वविद्यालय स्तरीय मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय परिसर सहित संबद्ध महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए भारत के भविष्य, विकास, युवा शक्ति एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. शशिकांत यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत किया तथा मेरे सपनों का भारत विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में



युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और युवाओं के सपनों, संकल्पों एवं सकारात्मक सोच से ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला तैयार होगी। विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर की अभिनव कीर्ति पांडेय ने प्रथम स्थान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, बलूची, केराकत, जौनपुर की राधा गिरी ने द्वितीय स्थान तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुफ्तीगंज, जौनपुर के मनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में गाजीपुर जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में समता पी.जी. कॉलेज की जागृति बरनवाल ने प्रथम स्थान, समता पी.जी. कॉलेज की शुभांगी चौबे ने द्वितीय स्थान तथा वासुदेव यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अनुराग यादव, डॉ. अनुराग मिश्रा, डॉ. उदयभान यादव, डॉ. सूर्योदय भट्टाचार्य एवं डॉ. शैलेंद्र चौधरी ने प्रतिभागियों के वक्तव्य, विषय-वस्तु, प्रस्तुतीकरण, भाषा एवं अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सत्यम त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र द्विवेदी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुफ्तीगंज, जौनपुर के प्राचार्य प्रो. पीयूष वर्मा, समता पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य सहित विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. अंकित राय, डॉ. राहुल राय, डॉ. विपुल यादव, डॉ. सोहन यादव, डॉ. अनामिका शुक्ला, डॉ. सोमरू राम, डॉ. श्वेता पांडेय, डॉ अजय मौर्य, डॉ. विशाल यादव, अजीत कुमार यादव, आदित्य जायसवाल एवं अविनाश कुमार राय सहित विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

कौटिल्य का भारत

विद्यार्थियों ने स्वच्छता और पौधरोपण से संवारा विश्वविद्यालय परिसर

डिवाइडर की घास साफ कर रोपे गेंदे के पौधे, कक्षाओं का किया सौंदर्यीकरण

कौटिल्य का भारत



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में आयोजित 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के चौथे दिन डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता, पौधरोपण एवं परिसर सौंदर्यीकरण अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाने के लिए श्रमदान किया। विद्यार्थियों ने परिसर के डिवाइडरों पर उगी सूखी एवं अनावश्यक घास की सफाई की। इसके बाद खाली स्थानों पर गेंदे के पौधे रोपे गए। विद्यार्थियों ने अपनी कक्षाओं की भी साफ-सफाई की तथा कक्षा-कक्षों की व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ उनके सौंदर्यीकरण में योगदान दिया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि छात्र-छात्राओं का उत्साह और सेवा भाव पूरे विश्वविद्यालय के लिए प्रेरणादायक है। युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा परिसर को स्वच्छ, हरा-भरा और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों में अनुशासन, श्रमदान और सामूहिक रूप से कार्य करने की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम संयोजक प्रो. राजकुमार ने बताया कि स्वच्छता एवं पौधरोपण अभियान का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत छात्र जिस निष्ठा और उत्साह से परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में जुटे हैं, वह सराहनीय है। वार्डन डॉ. नितेश जायसवाल ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सहभागिता सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दर्शाती है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी स्वच्छ एवं हरित परिसर के निर्माण में महत्वपूर्ण आधार बनेगी।

कौटिल्य का भारत

भाषण प्रतियोगिता में अभिनव कीर्ति पांडेय प्रथम

मेरे सपनों का भारत" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

कौटिल्य का भारत



जौनपुर। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित "सेवा संकल्प अभियान" के अंतर्गत कुलपति प्रो. आर. के. सिंह जी के दिशा-निर्देशन में 1 अक्टूबर 2026 को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में विश्वविद्यालय स्तरीय "मेरे सपनों का भारत" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय परिसर सहित संबद्ध महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए भारत के भविष्य, विकास, युवा शक्ति एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. शशिकांत यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत किया तथा "मेरे सपनों का भारत" विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और युवाओं के सपनों, संकल्पों एवं सकारात्मक सोच से ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला तैयार होगी। विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर की अभिनव कीर्ति पांडेय ने प्रथम स्थान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, बलूची, केराकत, जौनपुर की राधा गिरी ने द्वितीय स्थान तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुफ्तीगंज, जौनपुर के मनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में गाजीपुर जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में समता पी.जी. कॉलेज की जागृति बरनवाल ने प्रथम स्थान, समता पी.जी. कॉलेज की शुभांगी चौबे ने द्वितीय स्थान तथा वासुदेव यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अनुराग यादव, डॉ. अनुराग मिश्रा, डॉ. उदयभान यादव, डॉ. सूर्योदय भट्टाचार्य एवं डॉ. शैलेंद्र चौधरी ने प्रतिभागियों के वक्तव्य, विषय-वस्तु, प्रस्तुतीकरण, भाषा एवं अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन किया।

कार्यक्रम का मंच संचालन सत्यम त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र द्विवेदी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुफ्तीगंज, जौनपुर के प्राचार्य प्रो. पीयूष वर्मा, समता पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य सहित विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. अंकित राय, डॉ. राहुल राय, डॉ. विपुल यादव, डॉ. सोहन यादव, डॉ. अनामिका शुक्ला, डॉ. सोमरू राम, डॉ श्वेता पांडेय, डॉ अजय मौर्य, डॉ विशाल यादव, श्री अजीत कुमार यादव, श्री आदित्य जायसवाल एवं श्री अविनाश कुमार राय सहित विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स

सेवा मेरा योगदान अभियान में छात्रों ने चलाया स्वच्छता और पौधरोपण अभियान

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के चौथे दिन डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता, पौधरोपण एवं परिसर सौंदर्यीकरण अभियान में सक्रिय सहभागिता की।

कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर के डिवाइडरों पर उगी सूखी एवं अनावश्यक घास की सफाई की। इसके बाद वहां गेंदे के पौधे रोपे गए। विद्यार्थियों ने अपनी कक्षाओं की भी साफ-सफाई की तथा कक्षा-कक्षों की व्यवस्था और सौंदर्यीकरण में योगदान दिया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि छात्र-छात्राओं का उत्साह और सेवा भाव पूरे विश्वविद्यालय के लिए प्रेरणादायक है। युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा परिसर को स्वच्छ, हरा-भरा और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों में अनुशासन, श्रमदान और टीम वर्क की भावना भी विकसित होती है। कार्यक्रम संयोजक प्रो. राजकुमार ने कहा कि स्वच्छता एवं पौधरोपण अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत छात्र जिस निष्ठा और उत्साह के साथ परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में योगदान दे रहे हैं, वह सराहनीय है। युवाओं की यही सहभागिता स्वच्छ एवं हरित परिसर के निर्माण का आधार बनेगी। वार्डन डॉ. नितेश जायसवाल ने बताया कि सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस पर डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने परिसर के डिवाइडर की घास साफ की, गेंदे के पौधे रोपे और अपनी कक्षाओं का सौंदर्यीकरण किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सहभागिता सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दर्शाती है।

जनसंदेश टाइम्स

जनसंदेश टाइम्स वाराणसी, शुक्रवार, 2 अक्टूबर, 2026



निरीह, बेबस, लाचार पक्षी पिंजरे में कैद होकर अपनी आजादी के लिए तड़प रहे हैं लेकिन इंसान है कि अपने घर की शोभा बढ़ाने के लिए इनकी आजादी को छीन लिया है।

जौनपुर

व्यावहारिक प्रशिक्षण से बढ़ेगा कौशल

बोले प्रो. उमेश चंद्रा

महर्षि पराशर कृषि विज्ञान संस्थान पहुंचे निदेशक, बोले, शोध को नयी दिशा देने की जरूरत

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महर्षि पराशर कृषि विज्ञान संस्थान में नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के कीट विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं निदेशक शोध प्रो. उमेश चंद्रा का गुरुवार को आगमन हुआ। संस्थान पहुंचने पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उनका स्वागत किया।

संस्थान के भ्रमण के दौरान प्रो. उमेश चंद्रा ने शिक्षकों के साथ संवाद करते हुए यहां संचालित शैक्षणिक, शोध, प्रशिक्षण एवं कृषि संबंधी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विभिन्न योजनाओं, प्रयोगात्मक कार्यों तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि कृषि शिक्षा को केवल कक्षा तक सीमित न रखकर उसे प्रयोगशाला, खेत और बाजार की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ना समय की मांग है। विद्यार्थियों को आधुनिक कृषि तकनीकों के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने से उनमें रोजगार एवं उद्यमिता की संभावनाएं बढ़ेंगी। उन्होंने संस्थान के विद्यार्थियों से संवाद कर कृषि शिक्षा, शोध, कीट प्रबंधन, उत्पादन तकनीक तथा व्यावहारिक कृषि के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों को जिज्ञासा के साथ सीखने, प्रयोग करने और कृषि क्षेत्र में नवाचार के लिए प्रेरित किया। प्रो. उमेश चंद्रा ने संस्थान में संचालित दो दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया, प्रशिक्षण की उपयोगिता तथा इससे जुड़ी संभावनाओं की जानकारी ली। उन्होंने



पूर्विवि में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते प्रो. उमेश चंद्रा

संस्थान में संचालित गतिविधियों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मशरूम उत्पादन का कार्यक्रम व्यवस्थित एवं उपयोगी ढंग से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण विद्यार्थियों को स्वरोजगार और कृषि उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम, नवाचार और टीमवर्क के माध्यम से संस्थान कृषि शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना सकता है। इस अवसर पर महर्षि पराशर कृषि विज्ञान संस्थान के समन्वयक प्रो. गिरधर मिश्र ने प्रो. उमेश चंद्रा का संस्थान के शिक्षकों से परिचय कराया तथा संस्थान में संचालित विभिन्न शैक्षणिक एवं कृषि गतिविधियों की जानकारी दी। परिचय के क्रम में कीट विज्ञान विभाग के डॉ. सत्यम प्रजापति, उद्यान विज्ञान विभाग के डॉ. विपिन, सस्य विज्ञान विभाग के डॉ. हरिवंश सिंह, कृषि प्रसार विभाग के डॉ. प्रदीप कुमार यादव तथा पादप विज्ञान विभाग के डॉ. शुभम सिंह उपस्थित रहे। शिक्षकों ने अपने-अपने विभागों की शैक्षणिक, प्रयोगात्मक एवं शोध गतिविधियों से प्रो. उमेश चंद्रा को अवगत कराया। प्रो. उमेश चंद्रा ने संस्थान की गतिविधियों की सराहना करते हुए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा, शोध एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों के अनुरूप विद्यार्थियों को नई तकनीकों और नवाचारों से जोड़ना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के समस्त शिक्षकों ने प्रो. उमेश चंद्रा के प्रति आभार व्यक्त किया।

जौनपुर धारा

भाषण प्रतियोगिता में अभिनव कीर्ति पांडेय प्रथम

'मेरे सपनों का भारत' विषय पर हुई विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में राधा गिरी द्वितीय और मनीष तृतीय रहे



जौनपुर धारा

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गुरुवार को 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भारत के विकास, युवा शक्ति और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विचार प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय परिसर की छात्रा अभिनव कीर्ति पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, बलूची, केराकत की राधा गिरी द्वितीय तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुफ्तीगंज के मनीष तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में गाजीपुर जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में समता पीजी कॉलेज की जागृति बरनवाल ने प्रथम, इसी महाविद्यालय की शुभांगी चौबे ने द्वितीय और वासुदेव यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. अनुराग यादव, डॉ. अनुराग मिश्रा, डॉ. उदयभान यादव, डॉ. सूर्योदय भट्टाचार्य और डॉ. शैलेंद्र चौधरी शामिल रहे। प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय-वस्तु, प्रस्तुतीकरण, भाषा और अभिव्यक्ति के आधार पर किया गया। कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना के डॉ.शशिकांत यादव ने आयोजन के उद्देश्य की जानकारी दी। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने युवाओं की भूमिका पर विचार रखे।

संचालन सत्यम त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक और प्रतिनिधि मौजूद रहे।

जौनपुर धारा

व्यावहारिक प्रशिक्षण से बढ़ेगा कृषि विद्यार्थियों का कौशल

निदेशक शोध प्रो. उमेश चंद्रा ने कृषि शिक्षा को खेत, प्रयोगशाला और बाजार से जोड़ने पर दिया जोर

जौनपुर धारा

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महर्षि पराशर कृषि विज्ञान संस्थान में गुरुवार को नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के कीट विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं निदेशक शोध प्रो. उमेश चंद्रा पहुंचे। उन्होंने संस्थान की शैक्षणिक, शोध एवं कृषि गतिविधियों का जायजा लेने के साथ शिक्षकों और विद्यार्थियों से संवाद किया।

प्रो. चंद्रा ने कहा कि कृषि शिक्षा को केवल कक्षा तक सीमित रखने के बजाय



प्रयोगशाला, खेत और बाजार की जरूरतों से जोड़ना जरूरी है। विद्यार्थियों को आधुनिक कृषि तकनीकों के साथ व्यावहारिक अनुभव मिलने से रोजगार और उद्यमिता की संभावनाएं बढ़ सकती हैं। उन्होंने कृषि शोध में नई दिशा और नवाचार पर भी जोर दिया।

उन्होंने संस्थान में चल रहे दो दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया और प्रशिक्षणार्थियों से मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया तथा प्रशिक्षण से जुड़ी संभावनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण विद्यार्थियों को स्वरोजगार और कृषि उद्यमिता की ओर बढ़ने में मदद कर सकते हैं। संस्थान के समन्वयक प्रो. गिरधर मिश्र ने उन्हें विभिन्न विभागों की शैक्षणिक, प्रयोगात्मक और शोध गतिविधियों से अवगत कराया। इस दौरान डॉ. सत्यम प्रजापति, डॉ. विपिन, डॉ. हरिवंश सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार यादव और डॉ. शुभम सिंह सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। प्रो. चंद्रा ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को नई तकनीकों, नवाचार और व्यावहारिक प्रशिक्षण के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का सुझाव दिया।

उत्तर शक्ति

भाषण प्रतियोगिता में अभिनव कीर्ति पांडेय प्रथम

'मेरे सपनों का भारत' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

जौनपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत कुलपति प्रो. आर. के. सिंह के दिशा-निर्देशन में 1 अक्टूबर 2026 को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में विश्वविद्यालय स्तरीय 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय परिसर सहित संबद्ध महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए भारत के भविष्य, विकास, युवा शक्ति एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. शशिकांत यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत किया तथा 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और युवाओं के सपनों, संकल्पों एवं सकारात्मक सोच से ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला तैयार होगी।

विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर की अभिनव कीर्ति पांडेय ने प्रथम स्थान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, बलूची, केराकत, जौनपुर की राधा गिरी ने द्वितीय स्थान तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुफ्तीगंज, जौनपुर के मनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में गाजीपुर जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में समता पी.जी. कॉलेज की जागृति बरनवाल ने प्रथम स्थान, समता पी.जी. कॉलेज की शुभांगी चौबे ने द्वितीय स्थान तथा वासुदेव यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अनुराग यादव, डॉ. अनुराग मिश्रा, डॉ. उदयभान यादव, डॉ. सूर्योदय भट्टाचार्य एवं डॉ. शैलेंद्र चौधरी ने प्रतिभागियों के वक्तव्य, विषय-वस्तु, प्रस्तुतीकरण, भाषा एवं अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सत्यम त्रिपाठी ने किया।

कार्यक्रम में उच्च शिक्षा के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र द्विवेदी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुफ्तीगंज, जौनपुर के प्राचार्य प्रो. पीयूष वर्मा, समता पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य सहित विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉ. अंकित राय, डॉ. राहुल राय, डॉ. विपुल यादव, डॉ. सोहन यादव, डॉ. अनामिका शुक्ला, डॉ. सोमरू राम, डॉ श्वेता पांडेय, डॉ अजय मौर्य, डॉ विशाल यादव, अजीत कुमार यादव, आदित्य जायसवाल एवं अविनाश कुमार राय सहित विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

उत्तर शक्ति

सेवा मेरा योगदान अभियान में छात्रों ने चलाया स्वच्छता और पौधरोपण अभियान

जौनपुर ब्यूरो। यूपी के जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के चौथे दिन गुरुवार को डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता, पौधरोपण और परिसर सौंदर्यीकरण अभियान चलाया।

कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर के डिवाइडरों पर उगी सूखी एवं अनावश्यक घास की सफाई की। इसके बाद डिवाइडरों पर गेंदे के पौधे रोपे गए। विद्यार्थियों ने अपनी कक्षाओं की भी साफ-सफाई की और कक्षा-कक्षों को व्यवस्थित एवं सुंदर बनाने में योगदान दिया।छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि विद्यार्थियों का उत्साह और सेवा भाव पूरे विश्वविद्यालय के लिए प्रेरणादायक है। युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा परिसर को स्वच्छ, हरा-भरा और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों में अनुशासन, श्रमदान और टीमवर्क की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम संयोजक प्रो. राजकुमार ने कहा कि स्वच्छता एवं पौधरोपण अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत छात्र जिस निष्ठा और उत्साह से परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में योगदान दे रहे हैं, वह सराहनीय है।

तेजस टुडे

भाषण प्रतियोगिता में अभिनव कीर्ति रहीं प्रथम

'मेरे सपनों का भारत' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रतियोगिता

तेजस टूडे सं.
विरेन्द्र यादव



सरायख्वाजा, जौनपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत कुलपति प्रो. आरके सिंह के दिशा-निर्देशन में 1 अक्टूबर 2026 को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय स्तरीय 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय परिसर सहित संबद्ध महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए भारत के भविष्य, विकास, युवा शक्ति एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. शशिकांत यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत किया तथा मेरे सपनों का भारत विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और युवाओं के सपनों, संकल्पों एवं सकारात्मक सोच से ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला तैयार होगी। विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर की अभिनव कीर्ति पांडेय ने प्रथम स्थान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, बालूची, केराकत, जौनपुर की राधा गिरी ने द्वितीय स्थान तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुफ्तीगंज, जौनपुर के मनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में गाजीपुर जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में समता पी.जी. कॉलेज की जागृति बरनवाल ने प्रथम स्थान, समता पीजी कॉलेज की शुभांगी चौबे ने द्वितीय स्थान तथा वासुदेव यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में रहे डॉ. अनुराग यादव, डॉ. अनुराग मिश्रा, डॉ. उदयभान यादव, डॉ. सूर्योदय भट्टाचार्य एवं डॉ. शैलेंद्र चौधरी ने प्रतिभागियों के वक्तव्य, विषय-वस्तु, प्रस्तुतीकरण, भाषा एवं अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सत्यम त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र द्विवेदी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय मुफ्तीगंज के प्राचार्य प्रो. पीयूष वर्मा, समता पीजी कॉलेज के प्राचार्य सहित विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. अंकित राय, डॉ. राहुल राय, डॉ. विपुल यादव, डॉ. सोहन यादव, डॉ. अनामिका शुक्ला, डॉ. सोमरू राम, डॉ. श्वेता पांडेय, डॉ. अजय मौर्य, डॉ. विशाल यादव, अजीत कुमार यादव, आदित्य जायसवाल, अविनाश कुमार राय आदि उपस्थित रहे।

तेजस टुडे

व्यावहारिक प्रशिक्षण से बढ़ेगा कौशल: प्रो. उमेश

महर्षि पराशर कृषि विज्ञान संस्थान पहुंचे निदेशक

प्रशिक्षण

बोले– शोध को नयी दिशा देने की जरूरत

तेजस टूडे सं.
अजय विश्वकर्मा



सिद्दीकपुर, जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महर्षि पराशर कृषि विज्ञान संस्थान में नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के कीट विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं निदेशक शोध प्रो. उमेश चंद्रा का गुरुवार को आगमन हुआ। संस्थान पहुंचने पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उनका स्वागत किया। संस्थान के भ्रमण के दौरान प्रो. उमेश चंद्रा ने शिक्षकों के साथ संवाद करते हुए यहां संचालित शैक्षणिक, शोध, प्रशिक्षण एवं कृषि संबंधी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विभिन्न योजनाओं, प्रयोगात्मक कार्यों तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि कृषि शिक्षा को केवल कक्षा तक सीमित न रखकर उसे प्रयोगशाला, खेत और बाजार की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ना समय की मांग है। विद्यार्थियों को आधुनिक कृषि तकनीकों के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने से उनमें रोजगार एवं उद्यमिता की संभावनाएं बढ़ेंगी।

उन्होंने संस्थान के विद्यार्थियों से संवाद कर कृषि शिक्षा, शोध, कीट प्रबंधन, उत्पादन तकनीक तथा व्यावहारिक कृषि के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों को जिज्ञासा के साथ सीखने, प्रयोग करने और कृषि क्षेत्र में नवाचार के लिए प्रेरित किया।

प्रो. उमेश चंद्रा ने संस्थान में संचालित दो दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया, प्रशिक्षण की उपयोगिता तथा इससे जुड़ी संभावनाओं की जानकारी ली। उन्होंने संस्थान में संचालित गतिविधियों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मशरूम उत्पादन का कार्यक्रम व्यवस्थित एवं उपयोगी ढंग से संचालित किया जा रहा है।

इस अवसर पर महर्षि पराशर कृषि विज्ञान संस्थान के समन्वयक प्रो. गिरधर मिश्र ने प्रो. उमेश चंद्रा का संस्थान के शिक्षकों से परिचय कराया तथा संस्थान में संचालित विभिन्न शैक्षणिक एवं कृषि गतिविधियों की जानकारी दी। परिचय के क्रम में कीट विज्ञान विभाग के डॉ. सत्यम प्रजापति, उद्यान विज्ञान विभाग के डॉ. विपिन, सस्य विज्ञान विभाग के डॉ. हरिवंश सिंह, कृषि प्रसार विभाग के डॉ. प्रदीप कुमार यादव तथा पादप विज्ञान विभाग के डॉ. शुभम सिंह उपस्थित रहे। शिक्षकों ने अपने-अपने विभागों की शैक्षणिक, प्रयोगात्मक एवं शोध गतिविधियों से प्रो. उमेश चंद्रा को अवगत कराया। अंत में संस्थान के समस्त शिक्षकों ने प्रो. उमेश चंद्रा के प्रति आभार व्यक्त किया।

द आइडियल इंडिया

भाषण प्रतियोगिता में अभिनव कीर्ति पांडेय प्रथम

जौनपुर। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित ह्लसेवा संकल्प अभियानह्व के अंतर्गत कुलपति प्रो. आर. के. सिंह जी के दिशा-निर्देशन में 1 अक्टूबर 2026 को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में विश्वविद्यालय स्तरीय ह्लमेरे सपनों का भारतह्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय परिसर सहित संबद्ध महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए भारत के भविष्य, विकास, युवा शक्ति एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. शशिकांत यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत किया तथा ह्लमेरे सपनों का भारतह्व विषय पर





अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और युवाओं के सपनों, संकल्पों एवं सकारात्मक सोच से ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला तैयार होगी। विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर की अभिनव कीर्ति पांडेय ने प्रथम स्थान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, बलूची, केराकत, जौनपुर की राधा गिरी ने द्वितीय स्थान तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुफ्तीगंज, जौनपुर के मनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में गाजीपुर जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में समता पी.जी. कॉलेज की जागृति बरनवाल ने प्रथम स्थान, समता पी.जी. कॉलेज की शुभांगी चौबे ने द्वितीय स्थान तथा वासुदेव यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अनुराग यादव, डॉ. अनुराग मिश्रा, डॉ. उदयभान यादव, डॉ. सूर्योदय भट्टाचार्य एवं डॉ. शैलेंद्र चौधरी ने प्रतिभागियों के वक्तव्य, विषय-वस्तु, प्रस्तुतीकरण, भाषा एवं अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सत्यम त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र द्विवेदी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुफ्तीगंज, जौनपुर के प्राचार्य प्रो. पीयूष वर्मा, समता पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य सहित विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. अंकित राय, डॉ. राहुल राय, डॉ. विपुल यादव, डॉ. सोहन यादव, डॉ. अनामिका शुक्ला, डॉ. सोमरू राम, डॉ श्वेता पांडेय, डॉ अजय मौर्य, डॉ विशाल यादव, श्री अजीत कुमार यादव, श्री आदित्य जायसवाल एवं श्री अविनाश कुमार राय सहित विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

द आइडियल इंडिया

व्यावहारिक प्रशिक्षण से बढ़ेगा कौशल : प्रो. उमेश चंद्रा

महर्षि पराशर कृषि विज्ञान संस्थान पहुंचे निदेशक, बोले, शोध को नयी दिशा देने की जरुरत

आइडियल इंडिया न्यूज
डा राजेश जैन, जौनपुर

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के महर्षि पराशर कृषि विज्ञान संस्थान में नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के कीट विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं निदेशक



शोध प्रो. उमेश चंद्रा का गुरुवार को आगमन हुआ। संस्थान पहुंचने पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उनका स्वागत किया। संस्थान के भ्रमण के दौरान प्रो. उमेश चंद्रा ने शिक्षकों के साथ संवाद करते हुए यहां संचालित शैक्षणिक, शोध, प्रशिक्षण एवं कृषि संबंधी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विभिन्न योजनाओं, प्रयोगात्मक कार्यों तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि कृषि शिक्षा को केवल कक्षा

की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ना समय की मांग है। विद्यार्थियों को आधुनिक कृषि तकनीकों के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने से उनमें रोजगार एवं उद्यमिता की संभावनाएं बढ़ेंगी। उन्होंने संस्थान के विद्यार्थियों से संवाद कर कृषि शिक्षा, शोध, कीट प्रबंधन, उत्पादन तकनीक तथा व्यावहारिक कृषि के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों को जिज्ञासा के साथ सीखने, प्रयोग करने और कृषि क्षेत्र में नवाचार के लिए प्रेरित किया। प्रो. उमेश चंद्रा ने संस्थान में संचालित दो दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया, प्रशिक्षण की उपयोगिता तथा इससे जुड़ी संभावनाओं की जानकारी ली। उन्होंने संस्थान में संचालित गतिविधियों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मशरूम उत्पादन का कार्यक्रम व्यवस्थित एवं उपयोगी ढंग से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण विद्यार्थियों को स्वरोजगार और कृषि उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों एवं

निरंतर परिश्रम, नवाचार और टीमवर्क के माध्यम से संस्थान कृषि शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना सकता है। इस अवसर पर महर्षि पराशर कृषि विज्ञान संस्थान के समन्वयक प्रो. गिरधर मिश्र ने प्रो. उमेश चंद्रा का संस्थान के शिक्षकों से परिचय कराया तथा संस्थान में संचालित विभिन्न शैक्षणिक एवं कृषि गतिविधियों की जानकारी दी। परिचय के क्रम में कीट विज्ञान विभाग के डॉ. सत्यम प्रजापति, उद्यान विज्ञान विभाग के डॉ. विपिन, सस्य विज्ञान विभाग के डॉ. हरिवंश सिंह, कृषि प्रसार विभाग के डॉ. प्रदीप कुमार यादव तथा पादप विज्ञान विभाग के डॉ. शुभम सिंह उपस्थित रहे। शिक्षकों ने अपने-अपने विभागों की शैक्षणिक, प्रयोगात्मक एवं शोध गतिविधियों से प्रो. उमेश चंद्रा को अवगत कराया। प्रो. उमेश चंद्रा ने संस्थान की गतिविधियों की सराहना करते हुए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा, शोध एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों के अनुरूप विद्यार्थियों को नई तकनीकों और नवाचारों से जोड़ना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के समस्त शिक्षकों ने प्रो. उमेश चंद्रा के प्रति

उत्तरशक्ति

छात्रों ने स्वच्छता व पौधरोपण से संवारा विश्वविद्यालय परिसर

'सेवा मेरा योगदान' अभियान के चौथे दिन डिवाइडर की सफाई कर रोपे गेंदे के पौधे

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में चल रहे 'सेवा मेरा योगदान' अभियान के चौथे दिन डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता, पौधरोपण एवं परिसर सौंदर्यीकरण अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर के डिवाइडरों पर उगी सूखी एवं अनावश्यक घास की सफाई की। इसके बाद वहां गेंदे के पौधे रोपे गए। विद्यार्थियों ने अपनी कक्षाओं की साफ-सफाई करने के साथ ही कक्षा-कक्षों की व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण में भी योगदान दिया।

छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि विद्यार्थियों का उत्साह और सेवा भाव पूरे विश्वविद्यालय के लिए प्रेरणादायक है। युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा परिसर को स्वच्छ, हरा-भरा और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ऐसी



गतिविधियों से विद्यार्थियों में अनुशासन, श्रमदान और टीम वर्क की भावना विकसित होती है।

कार्यक्रम संयोजक प्रो. राजकुमार ने कहा कि स्वच्छता एवं पौधरोपण अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। विद्यार्थियों की निष्ठापूर्ण सहभागिता स्वच्छ एवं हरित परिसर के निर्माण का आधार बनेगी। वार्डन डॉ. नितेश जायसवाल ने बताया कि अभियान के चौथे दिन डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने डिवाइडर की घास साफ करने, पौधरोपण और कक्षाओं के सौंदर्यीकरण में सक्रिय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सहभागिता सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दशार्ती है।

संजीदगी टुडे

भाषण प्रतियोगिता में अभिनव कीर्ति पांडेय प्रथम

मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

खबर कोश





जौनपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कुलपति प्रो. आर. के. सिंह जी के दिशा-निर्देशन में 1 अक्टूबर 2026 को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में विश्वविद्यालय स्तरीय मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय परिसर सहित संबद्ध महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए भारत के भविष्य, विकास, युवा शक्ति एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. शशिकांत यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत किया तथा मेरे सपनों का भारत विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और युवाओं के सपनों, संकल्पों एवं सकारात्मक सोच से ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला तैयार होगी।

विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर की अभिनव कीर्ति पांडेय ने प्रथम स्थान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, बलुची, केराकत, जौनपुर की राधा गिरी ने द्वितीय स्थान तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुफ्तीगंज, जौनपुर के मनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में गाजीपुर जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में समता पी. जी. कॉलेज की जागृति बरनवाल ने प्रथम स्थान, समता पी.जी. कॉलेज की शुभांगी चौबे ने द्वितीय स्थान तथा वासुदेव यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अनुराग यादव, डॉ. अनुराग मिश्रा, डॉ. उदयभान यादव, डॉ. सूर्योदय भट्टाचार्य एवं डॉ. शैलेंद्र चौधरी ने प्रतिभागियों के वक्तव्य, विषय-वस्तु, प्रस्तुतीकरण, भाषा एवं अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन किया।

कार्यक्रम का मंच संचालन सत्यम त्रिपाठी ने किया।

कार्यक्रम में उच्च शिक्षा के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र द्विवेदी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुफ्तीगंज, जौनपुर के प्राचार्य प्रो. पीयूष वर्मा, समता पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य सहित विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉ. अंकित राय, डॉ. राहुल राय, डॉ. विपुल यादव, डॉ. सोहन यादव, डॉ. अनामिका शुक्ला, डॉ. सोमरू राम, डॉ श्वेता पांडेय, डॉ अजय मौर्य, डॉ विशाल यादव, अजीत कुमार यादव, आदित्य जायसवाल एवं अविनाश कुमार राय सहित विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

जन तेजस टुडेसंदेश टाइम्स

भाषण स्पर्धा में अभिनव पांडेय प्रथम

कार्यक्रम

मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



पूविवि में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में पुरस्कृत छात्रायें

जौनपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कुलपति प्रो. आर. के. सिंह के दिशा-निर्देशन में गुरूवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में विवि स्तरीय मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय परिसर सहित संबद्ध महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए भारत के भविष्य, विकास, युवा शक्ति एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. शशिकांत यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत किया तथा मेरे सपनों का भारत विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और युवाओं के सपनों, संकल्पों एवं सकारात्मक सोच से ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला तैयार होगी। विवि स्तरीय प्रतियोगिता में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि परिसर की अभिनव कीर्ति पांडेय ने प्रथम स्थान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, बलूची, केराकत, जौनपुर की राधा गिरी ने द्वितीय स्थान तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुफ्तीगंज, जौनपुर के मनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में गाजीपुर जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में समता पी.जी. कॉलेज की जागृति बरनवाल ने प्रथम स्थान, समता पी.जी. कॉलेज की शुभांगी चौबे ने द्वितीय स्थान तथा वासुदेव यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अनुराग यादव, डॉ. अनुराग मिश्रा, डॉ. उदयभान यादव, डॉ. सूर्योदय भट्टाचार्य एवं डॉ. शैलेंद्र चौधरी ने प्रतिभागियों के वक्तव्य, विषय-वस्तु, प्रस्तुतीकरण, भाषा एवं अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सत्यम त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र द्विवेदी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुफ्तीगंज के प्राचार्य प्रो. पीयूष वर्मा, समता पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य सहित विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उम्मीद ऑफ पब्लिक

हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र

जौनपुर (उ.प्र.) से प्रकाशित

वर्ष 01, अंक 295
जौनपुर, शुक्रवार
02 अक्टूबर, 2026
पृष्ठ 4, मूल्य 1 रूपया

उम्मीद ऑफ पब्लिक

www.ummidofpublic.com

PRGI Reg. No.: UPHIN/25/A4413



पेज : 2 क्या सफलता की कीमत बन रही है युवाओं की मानसिक शान्ति?

डीएम ने ब्लड बैंक पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान का किया अवलोकन पेज : 3

छात्रों ने चलाया स्वच्छता व पौधरोपण अभियान

उम्मीद ऑफ पब्लिक सं.

सरायख्वाजा, जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के चौथे दिन डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता, पौधरोपण एवं परिसर सौंदर्यीकरण अभियान में सक्रिय सहभागिता की। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर के डिवाइडरों पर उगी सूखी एवं अनावश्यक घास की सफाई की। इसके बाद वहां गेंदे के पौधे रोपे गए। विद्यार्थियों ने अपनी कक्षाओं की भी साफ-सफाई की तथा कक्षा-कक्षों की व्यवस्था और सौंदर्यीकरण में योगदान दिया।छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि छात्र-छात्राओं का उत्साह और सेवा भाव पूरे विश्वविद्यालय के लिए प्रेरणादायक है। युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा परिसर को स्वच्छ, हरा-भरा और



सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों में अनुशासन, श्रमदान और टीम वर्क की भावना भी विकसित होती है। कार्यक्रम संयोजक प्रो. राजकुमार ने कहा कि स्वच्छता एवं पौधरोपण अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है। वार्डन डॉ. नितेश जायसवाल ने बताया कि सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस पर डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने परिसर के डिवाइडर की घास साफ की, गेंदे के पौधे रोपे और अपनी कक्षाओं का सौंदर्यीकरण किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सहभागिता सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दर्शाती है।

उम्मीद ऑफ पब्लिक

भाषण प्रतियोगिता में अभिनव कीर्ति रहीं प्रथम

'मेरे सपनों का भारत' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

उम्मीद ऑफ पब्लिक सं.

सरायख्वाजा, जौनपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत कुलपति प्रो. आरके सिंह के दिशा-निर्देशन में 1 अक्टूबर 2026 को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय स्तरीय 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय परिसर सहित संबद्ध महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए भारत के भविष्य, विकास, युवा शक्ति एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. शशिकांत यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत किया तथा मेरे सपनों का भारत विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और युवाओं के सपनों, संकल्पों एवं सकारात्मक सोच से ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला तैयार होगी। विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर की अभिनव कीर्ति पांडेय ने प्रथम स्थान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, बलूची, केराकत, जौनपुर की राधा गिरी ने द्वितीय स्थान तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुफ्तीगंज, जौनपुर के मनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में गाजीपुर जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में समता पी.जी. कॉलेज की जागृति बरनवाल ने प्रथम स्थान, समता पीजी कॉलेज की शुभांगी चौबे ने द्वितीय स्थान तथा वासुदेव यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में रहे डॉ. अनुराग यादव, डॉ. अनुराग मिश्रा, डॉ. उदयभान यादव, डॉ. सूर्योदय भट्टाचार्य एवं डॉ. शैलेंद्र चौधरी ने प्रतिभागियों के वक्तव्य, विषय-वस्तु, प्रस्तुतीकरण, भाषा एवं अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सत्यम त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र द्विवेदी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय मुफ्तीगंज के प्राचार्य प्रो. पीयूष वर्मा, समता पीजी कॉलेज के प्राचार्य सहित विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. अंकित राय, डॉ. राहुल राय, डॉ. विपुल यादव, डॉ. सोहन यादव, डॉ. अनामिका शुक्ला, डॉ. सोमरू राम, डॉ. श्वेता पांडेय, डॉ. अजय मौर्य, डॉ. विशाल यादव, अजीत कुमार यादव, आदित्य जायसवाल, अविनाश कुमार राय आदि उपस्थित रहे।

